नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''

महाराणा प्रताप महाविद्यालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर

मो. 7897475917, 9794299451

Website : www.mpm.edu.in

E-mail : mpmpg5@gmail.com

जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी

स्थापित 2005 ई.

पत्रांक................................ दिनांक : 25.08.2022

प्रकाशनार्थ

आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में आज दिनांक 25.08.2022 को **मिशन शक्ति** के अंतर्गत संचालित 15वीं यू.पी., एन.सी.सी. बटालियन और 45वीं यू.पी.,एन.सी.सी. बटालियन के कैडेट्स हेतु **'ताईक़्वांडो प्रशिक्षण'** कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एन.सी.सी. के दोनों इकाईयों के कैडेट्स ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कैडेट्स को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक एवं प्रशिक्षित करना रहा। 2 घंटे तक चले इस प्रशिक्षण के दौरान ताईक्वांडो प्रशिक्षक **कौशल कुमार** ने कैडेट्स को चाकू से होने वाले हमले को रोकने और सामने वाले को धराशाई करने के आसान तरीके बताएं। खुद को हमलावर के पकड़ से छुड़ाना, पीछे से हमला करने वालों से निपटने का तरीका आदि भी बताया गया। ताइक्वांडो प्रशिक्षण के इस आयोजन के द्वारा 15 वीं यू.पी. एन.सी.सी. गर्ल्स बटालियन तथा 45 वीं यू.पी. एन.सी.सी. बटालियन ने आत्मरक्षा के गुण सीखे। इस कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के मिशन शक्ति कार्यक्रम की प्रभारी श्रीमती शिप्रा सिंह ने किया। एवं एन.सी.सी. कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए बताया कि किसी राष्ट्र के युवा ही उस राष्ट्र का भविष्य होते हैं। आत्मरक्षा का यह गुण आकस्मिक एवं अचानक होने वाले किसी भी हमले, दुर्घटना से जान –माल की सुरक्षा करने में सक्षम है। आज का यह प्रशिक्षण कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं के आत्म रक्षा के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण एवं आवश्यक है। एन.सी.सी. के कैडेट्स हमारे राष्ट्र के जागरूक युवा हैं। इसलिए इनके द्वारा दिया गया संदेश समाज को एक नई दिशा प्रदान करता है। इस अवसर पर कौशल कुमार (ब्लैक बेल्ट, राष्ट्रीय कांस्य पदक) द्वारा एन. सी. सी. के सभी कैडेट्स को प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. सांत्वना श्रीवास्तव ने एवं संचालन श्री रमाकांत दुबे ने किया।

इसी क्रम में छात्र संघ चुनाव सत्र 2022 23 के लिए छात्र संघ चुनाव योजना बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रसंघ प्रभारी श्री सिद्धार्थ कुमार शुक्ल ने छात्र संघ की परिकल्पना व छात्रसंघ के उद्देश्यों को बताया। तत्पश्चात् छात्रसंघ चुनाव अधिकारी डॉ शिव कुमार वर्मा ने छात्र संघ चुनाव प्रक्रिया को बताते हुए कहा कि छात्र संघ चुनाव प्रक्रिया 3 चरणों में संपन्न होगी। प्रथम चरण में 29 अगस्त 2022 को कक्षा प्रतिनिधि चुनाव व पर्चा दाखिला होगा। दूसरे चरण में 30 अगस्त 2022 को पर्चा वापसी व योग्यता भाषण होगा और तीसरे चरण में 31 अगस्त, 2022 को मतदान प्रक्रिया और चुनाव परिणाम को संपन्न कराया जाएगा। इस बैठक में छात्रसंघ चुनाव की कार्य योजना पर नीति बनाई गई जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

(डॉ. सुधा शुक्ल)
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी